### 2.11 Capacity Building of students

**(i) Life Skills**

| Sr. No. | Session and Date | Name of Activity | Category of activity | Organizer | Name of resource person | Number of participants | Register and Page no | Newspaper/ Media Coverage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 26/10/2024 | Swachhata Abhiyan | Capacity Building, Outreach,life skill enhancement | Eco Club ,RRC,GDCT | Dr.R.S. Gill | 70 | A/R Library-II - 173 | Amar Ujala, Dainik Jagran, DIvya Himachal, Dainik Savera |
| 2 | 9/11/2024 | National Legal Services Day Celebration | Social Outreach,life skill enhancement | Red Ribbon Club, Social Sciences Society | Dr.R.S. Gill, Sh.Rahul Dhanotia | 60 | A/R Library-II - 180 | Dainik Savera,Divya Himachal, Dainik Jagran, Ujjwal Himachal |
| 3 | 26/11/2024 | Constitution Day Celebration | General Awareness Activity,life skill enhancement | Social Sciences Society,GDCT | Dr.R.S. Gill, Prof.Vijay | 55 | A/R Library-II - 183 | Dainik Savera |
| 4 | 27/12/2024 | DDMA (two day workshop )Disaster Management and Resilience | Skill Enhancement | Capacity Building, Social Outreach,NSS,Disaster Management | GDCT, DDMA, Dr.R.S. Gill,Dr.Preeti Bala, Prof.Lekh Raj | 75 | A/R Library-II - 203 | Dainik Savera,Divya Himachal, Pehli Nazar,Anant Gyan |
| 5 | 25/12/2024 | Career counseling and placement cell session on IT and Artificial Intelligence | Career Counselling, career abroad , life skills development, Capacity Building | GDCT,SRI SAI University,Career Counselling Cell | Dr.Neeraj Marwaha,Mr.Navneet Gupta | 56 | A/R Library-II - 200 | Dainik Jagran |

26/10/2024

दैनिक सवेरा

# तकीपुर कॉलेज में मनाया स्वच्छता अभियान

- स्वस्थ और स्वच्छ जीवन शैली के लिए स्वच्छता अति आवश्यक: डॉ. आर.एस.गिल

**सवेरा न्यूज/मनोज**



साफ सफाई करने विद्यार्थी

कांगड़ा,26 अक्तूबर : इको क्लब एंड रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान से अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छ महाविद्यालय स्वास्थ्य विद्यार्थी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें इको क्लब एवं रेड रिबन क्लब के समस्त सदस्यों ने भाग लिया । कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्राचार्य डॉ. आर.एस.गिल ने इको क्लब एवम् रेड रिबन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण आदत है जो हर किसी को अपनानी चाहिए यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी अच्छा बनाता है । डॉ. गिल ने कहा कि स्वच्छता से हम स्वस्थ रह सकते हैं और बीमारियों से बच सकते हैं, स्वच्छता से रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है और बीमारियों का प्रसार भी रुकता है । डॉ. गिल ने जोर दे कर कहा कि स्वास्थ्य और स्वच्छ जीवन शैली के लिए स्वच्छता अति आवश्यक है । अंत में डॉ. आर.एस.गिल ने सदस्यों को संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता अपना कर हम खुद को रोगों से बचा सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं । इस अवसर पर इको क्लब के समन्वयक डॉ. अश्विनी शर्मा एवं रेड रिबन क्लब के समन्वयक प्रो. अमन बलिया ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत में स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य या पर्यावरण से जुड़ी चिंता है बल्कि सामाजिक चिंता भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि वह पर्यावरण स्वच्छता के साथ-साथ शारीरिक स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

दिव्य हिमाचल

# तकीपुर कालेज में स्वच्छता पर बांटा ज्ञान



कांगड़ा। इको क्लब एंड रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्त्वाधान से अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छ महाविद्यालय स्वास्थ्य विद्यार्थी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ईको क्लब एवं रेड रिबन क्लब के समस्त सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्राचार्य डा. आरएस गिल ने ईको क्लब एवं रेड रिबन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण आदत है, जो हर किसी को अपनानी चाहिए यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी अच्छा बनाता है। डा. गिल ने जोर दे कर कहा कि स्वास्थ्य और स्वच्छ जीवन शैली के लिए स्वच्छता अति आवश्यक है। इस अवसर पर ईको क्लब के समन्वयक डा. अश्विनी शर्मा एवं रेड रिबन क्लब के समन्वयक प्रो. अमन वालिया ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि भारत में स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य या पर्यावरण से जुड़ी चिंता है बल्कि सामाजिक चिता भी है।

अमर उजाला

# तकीपुर कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

धर्मशाला। ईको क्लब एंड रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान से अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में स्वच्छ महाविद्यालय स्वस्थ विद्यार्थी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ईको क्लब एवं रेड रिबन क्लब के समस्त सदस्यों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने कहा कि स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण आदत है, जो हर किसी को अपनानी चाहिए। डॉ. गिल ने कहा कि स्वच्छता अपना कर हम खुद को रोगों से बचा सकते हैं। ईको क्लब के समन्वयक डॉ. अश्विनी शर्मा एवं रेड रिबन क्लब के समन्वयक प्रो. अमन बलिया ने भी विचार रखे। संवाद

दैनिक सवेरा

# तकीपुर महाविद्यालय ने मनाया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस



सवेरा न्यूज/मनोज, कांगड़ा : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में रेड रिबन क्लब और सामाजिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस, महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डा. भगवन दास की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें जिला कांगड़ा के प्रसिद्ध प्रतिभावान अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रो. अमन बालिया ने उनका स्वागत किया। विधि विशेषज्ञ अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने कानून के विभिन्न पक्षों कानूनी प्रक्रिया , नवनिर्मित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, प्राथमिकी, मौलिक अधिकार,संविधान तथा जनहित की मुकदमेबाजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस आयोजन में छात्र छात्राओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी प्रदर्शित करते हुए मुख्य वक्ता से कानूनी विषयों पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए, जिनका अधिवक्ता ने बहुत सार्थकता के साथ संतोषजनक उत्तर दिये। कार्यक्रम के अंत में प्रो. विजय कुमार ने धन्यबाद प्रस्ताव पारित किय।

दिव्य हिमाचल

# भारतीय नागरिक संहिता पर बांटा ज्ञान

कांगड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में रेड रिबन क्लब और सामाजिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवसए महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डॉ भगवन दास की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें जिला कांगड़ा के प्रसिद्ध प्रतिभावान अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। प्रो अमन बालिया ने उनका स्वागत किया। विधि विशेषज्ञ अधिवक्ता राहुल धनोतिया ने कानून के विभिन्न पक्षों कानूनी प्रक्रिया, नवनिर्मित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

दैनिक जागरण

# तकीपुर में कानूनी प्रक्रिया पर जागरूक किए विद्यार्थी

संवाद सहयोगी, जागरण • कांगड़ा : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में रेड रिबन क्लब और सामाजिक सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डा. भगवन दास की अध्यक्षता में मनाया गया, जिसमें अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। विधि विशेषज्ञ अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने कानून के विभिन्न पक्षों कानूनी प्रक्रिया, नवनिर्मित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, प्राथमिकी, मौलिक अधिकार, संविधान तथा जनहित की मुकदमेबाजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रो. विजय कुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक वर्ग से प्रो. प्रीति, प्रो. अश्वनी शर्मा, प्रो. सुरेश, प्रो. लेख राज, प्रो. सुनील कुमार, प्रो साहिल एवं लाइब्रेरियन सविता, सुदर्शन देवी व गैर शिक्षक वर्ग से आशू कुमार, ओंकार सिंह और योगेश्वर मौजूद रहे।

उज्जवल हिमाचल

खबर भी असर भी

# तकीपुर कॉलेज ने मनाया राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस

November 9, 2024



उज्जवल हिमाचल। कांगड़ा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में रेड रिबन क्लब और सामाजिक सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस, महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. भगवन दास की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें जिला कांगड़ा के प्रसिद्ध प्रतिभावान अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रो. अमन बालिया ने उनका स्वागत किया। विधि विशेषज्ञ अधिवक्ता राहुल धनोटिया ने कानून के विभिन्न पक्षों कानूनी प्रक्रिया, नवनिर्मित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, प्राथमिकी, मौलिक अधिकार,संविधान तथा जनहित की मुकदमेबाजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

Principal,
G.D.C., Takipur

# तकीपुर महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया संविधान दिवस



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कॉलेज के प्रिंसिपल व विद्यार्थी ।

**सवेरा न्यूज/ मनोज कांगड़ा,** : अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में एक लिखित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें संविधान सभा और संविधान की विशेषताओं से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अलीशा बीए प्रथम, द्वितीय स्थान पर नंदिनी बीए फाइनल और तृतीय स्थान पर क्र मशः रोबिन सिंह और स्नेहा बीए तृतीय वर्ष रहे। इसके अतिरिक्त संविधान दिवस के इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा संविधान जनक डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र को माल्यार्पण किया गया और सभी आचार्यों ने पुष्पांजलि भेंट की। इसके बाद महाविद्यालय में राजनीतिक विभाग के प्रो. विजय कुमार ने संविधान की प्रस्तावना जिसमें संविधान के स्रोत, भारत राज्य का स्वरूप और उसके उद्देश्यों पर एक विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उसके बाद सभी छात्र-छात्राओं को संविधान निर्माण से संबंधित एक वीडियो दिखाया गया जिसमें संविधान सभा में संविधान निर्माण के दौरान विभिन्न विषयों पर वाद विवाद और चर्चा शामिल थी।

Principal,
G.D.C., Takipur

राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के दौरान सिखाए आपदा में बचाव के गुर

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण धर्मशाला के सहयोग से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री हरजीत भूलर उपस्थित रहे। उन्होंने आपदा प्रबंधन की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बचाव के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए और वीडियो के माध्यम से विद्यार्थियों को इस विषय पर संवेदनशील बनाने की कोशिश की।

कार्यशाला में आपदा प्रबंधन जिला कांगड़ा के मास्टर ट्रेनर हैड कांस्टेबल गौरव तथा सहायक ट्रेनर अमित कमल और अरविंद कुमार ने छात्र-छात्राओं को आग लगने के विभिन्न कारण और उनके समाधान एलपीजी सिलेंडर से संबंधित सुरक्षा उपाय, फायर एक्सटिंगिवशर फर्स्ट एड, सीपीआर और बंबू स्ट्रक्चर, कंबल, ग्रिप स्ट्रेचर के माध्यम से आपदा में फंसे व्यक्तियों को निकालने के लिए प्रैक्टिकल उपाय बताए।

इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के प्राचार्य श्री आर एस. गिल ने छात्रों से आह्वान किया। कि जो जानकारी उन्होंने यहां प्राप्त की है, वह किसी आपात कालीन स्थिति में, जब सरकारी सहायता देर से पहुंचे, इनके परिवार या समाज को भी आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करें।





**(ii) Language cum graduate attributes development programmes**

| Sr. No. | Session and Date | Name of Activity | Category of activity | Organizer | Name of resource person | Number of participants | Register and Page no | Newspaper / Media Coverage |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14/08/2024 | One day Tier -III training course on "Local Groundwater Issues of District Kangra and their Management" | Inculcate scientific temperament,Green Initiative,Skill enhancement Activity Capacity Building,Development of Graduate Attributes | Central Ground Water Board (CGWB) \| Ministry of Jal Shakti,GDCT | Dr.KS Attri, Dr.RS Gill, Dr.Sanjay Pandey,scientist -B,Sh.Manohar Kumar,Assistant Hydrogeologist,Sh.Prashant Kumar Singh ,Senior Technical Assistant (CGWB) | 200 | A/R Library-II -137 | Pehli Nazar |
| 2 | 30/08/2024 | Educational Visit to Tea Garden and Bamboo House at IHBT Palampur | Development of Graduate Attributes | GDCT,Science Society, IHBT Palampur | Prof.Sahil,Prof.Medha, IHBT Palampur Phd Scholars. | 25 | Report attached below,Science Society | |
| 3 | 17/8/2024 | Tree Plantation drive by Eco Club | Green Initiative,Development of Graduate Attributes | Eco Club ,GDCT | Dr.R.S. Gill ,Eco Club | 30 | A/R Library-II -141 | Dainik Savera ,Pehli Nazar |
| 4 | 14/9/2024 | Hindi Diwas Celebration,essay,slogan writing, poetry recitation, | Language Skills,Awareness and SEP | GDCT | Dr.R.S. Gill ,Dr.Ashwani,Dr.Bhagwan Das | 50 | A/R Library-II -154 | Divya Himachal,Dainik Savera, Amar Ujala, Pehli nazar |
| 5 | 1/10/2024 | Swachhta he Sewa - NSS Volunteers cleaned PHC campus | Social Outreach,Deveopment of Graduate Attributes | NSS ,GDCT | Dr.R.S. Gill ,Prof.Lekh Raj, Dr.Priti Bala | 100 | A/R Library-II -164 | Divya Himachal |
| 6 | 11/10/2024 | International Girl Child Day | Gender sensitization, Social Outreach,Development of Graduate Attributes | GDCT | Dr.R.S. Gill | 100 | A/R Library-II -169 | Pehli Nazar,Dainik Savera |
| 7 | 2/12/2024 | World AIDS Day-Awareness Activities | Graduate Attributes,Public Health and Hygiene, Capacity Building, Social Outreach | RRC, GDCT | Dr.R.S. Gill, Prof.Aman Walia, Prof.Medha Sharma | 60 | A/R Library-II -185 | Dainik Savera |
| 8 | 7/12/2024 | One Day Educational Tour to GDC Dharamshala | Graduate Attributes,Scientific Temperament | Science Society,GDCT | Prof.Suresh | 25 | Report Attached,A/R Library-II -192 | Amar Ujala |



14/8/2024

# पहली नजर

सबसे पहले, सबसे तेज

## तकीपुर कॉलेज में कांगड़ा के भूजल मुद्दे और प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन


Happy Independence Day
ATAL BIHARI VAJPAEYEE GOVT. COLLEGE TAKIPUR
DISTRICT KANGRA HIMACHAL PRADESH

HAPPY INDEPENDENCE DAY
MOTHERKRAFT HOSPITAL
Crafting Women's Health at Every Step
Complete Women's Healthcare Destination
Obstetrics • Gynecology • Pathology • Ultrasound • Pediatrics • Neonatology • Laparoscopy • Infertility
Motherkraft, Matour Palampur Road, Near Ustav Palace, Gharkari, Kangra
CALL US:- 01892-299088, 80914-11099


Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Distt. Kangra (H.P.)
D.D.O. Code - 280

(2.11) Capacity Building of Students.
(ii) Development of Graduate Attributes.

**Report on Educational Visit to Tea Garden and Bamboo House, Palampur**

Date: 30th August 2024

**Institution:** Government Degree College Takipur, Kangra

**Purpose of Visit:** Educational excursion for science students

Participants:


- Students: 12
- Faculty Members: 2


**Venue**: **Tea Garden and Bamboo House, Palampur**

**Objective**: To understand tea cultivation economics and bamboo's sustainable building potential as renewable resources in rural development.

1. **Tea Garden Tour**:
   - Cultivation cycle: Seedling nursery, field planting at 1.2m spacing, regular pruning, selective plucking of two leaves and bud.
   - Processing stages: Withering (moisture reduction), rolling (cell rupture for oxidation), fermentation (flavor development), drying (80-85°C for black tea fixation).
   - Economic aspects: Yield (1500-2000 kg/ha), pest management (organic vs. chemical), climate adaptation with hybrid varieties for Palampur's subtropical climate.
2. **Bamboo House**:
   - Construction demo: Bamboo culms for load-bearing walls, bamboo mat panels for roofing, treated poles for flooring and seismic resistance.
   - Sustainability advantages: Grows 1m/day, harvests in 3-5 years (vs. timber's 20+ years), 30-50% lower embodied carbon than concrete/steel.
   - Applications: Cost-effective rural housing (₹5-7 lakh/unit), earthquake-resistant joins, natural insulation for energy savings.







**Report on Educational Visit to CSIR IHBT Palampur**

**Institution:** Government Degree College Takipur, Kangra **Date: 30th August 2024**

**Purpose of Visit:** Educational excursion for science students

Participants:

- Students: 12
- Faculty Members: 2

Venue: CSIR Institute of Himalayan Bioresource Technology (IHBT), Palampur

---

**Introduction**

Government Degree College Takipur, Kangra, organized two educational visits on 30th August 2024 for 12 science students and 2 faculty members to CSIR IHBT Palampur, followed by a Tea Garden and Bamboo House tour in Palampur. These excursions provided hands-on exposure to advanced research, sustainable agriculture, and eco-friendly construction, bridging classroom theory with practical applications in botany and environmental sciences.

**Objective:** To expose students to cutting-edge scientific research in plant biotechnology, soilless cultivation, model organisms, and drug discovery techniques for enhanced practical knowledge.

1. **Plant Tissue Culture Lab:**
   - ➢ Introduction to micropropagation of endangered Himalayan plant species using sterile tissue explants.
   - ➢ Demonstrations of callus induction, shoot multiplication, rooting, and hardening processes in controlled environments.
   - ➢ Emphasis on conservation role: preserving genetic diversity of rare flora threatened by habitat loss.
2. **Aeroponics and Hydroponics Labs:**
   - ➢ **Aeroponics**: Plants grown with roots suspended in air, misted with nutrient solutions; observed potato and herb trials showing 98% less water use.
   - ➢ **Hydroponics**: Nutrient-film technique and deep-water culture systems for vegetables; highlighted faster growth cycles and soil-free scalability.
   - ➢ Benefits discussed: Higher yields (up to 30-50%), pest resistance, and suitability for hilly terrains like Himachal Pradesh.


3. **Animal House**:

- Examination of zebra fish (*Danio rerio*) as model organisms in genetic and developmental biology research.
- Insights into mutation studies, embryonic development, and drug toxicity screening using transparent larvae.
- Relevance to botany: Parallels in plant-animal research for bioactive compound testing.

4. **Drug Discovery Lab**:

- PCR (Polymerase Chain Reaction): Amplification of specific DNA segments for gene cloning and diagnostics.
- Electrophoresis: Gel-based separation of DNA/RNA/proteins by size and charge for purity checks.
- RT-PCR: Reverse transcription for RNA-to-cDNA conversion, quantifying gene expression in plant stress responses.
- pH Meter: Precise measurement of solution acidity in media preparation and enzyme assays.
- Microtomy: Ultra-thin sectioning (5-10 microns) of plant tissues for histological analysis under microscopes.

**Photographs**











डिजिटल अखबार

# पहली नजर

सबसे पहले, सबसे तेज

14 सितंबर, 2024 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

आज की ताजा खबर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

## वैश्वीकरण के दौर में हिंदी विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली भाषा बनकर उभरी है : डॉ. आरएस गिल

**निबंध लेखन, नारा लेखन, काव्य-पाठ व भाषण प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

पहली नजर ब्यूरो, कांगड़ा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में हिंदी दिवस एक उत्सव के रूप में मनाया गया। इस पावन अवसर पर महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से निबंध लेखन, नारा लेखन, काव्य-पाठ एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता में कॉलेज के छात्र-छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरएस गिल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना से हुआ। मंच संचालन करते हुए छात्रा तृषा चौधरी एवं अंकिता देवी ने प्राचार्य आरएस गिल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक दूरदर्शी, समदर्शी, परोपकारी, विनम्र, साहसी, सकारात्मक सोच, एवं एक कुशल प्रशासक कहा। हिंदी दिवस के इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आरएस ने कहा कि सृष्टि के निर्माण से भी भाषा का संबंध मानव समाज से रहा है। मानव जीवन में भाषा एक अभिन्न अंग है, जिसके बिना मानव गूंगा है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा देश की एकता का सूत्र है। भाषा की जननी और साहित्य की गरिमा हिंदी भाषा जन आंदोलन की भी भाषा रही है। उन्होंने कहा की हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति एकता और विविधता का प्रतीक है। यह भाषा देशभक्ति संस्कृति और समृद्धि का प्रतीक है डॉ. गिल ने कहा यह हमें समृद्ध साहित्य, इतिहास साहित्य और परंपराओं से जोड़ती है। हिंदी दुनिया भर में करोड़ो लोगों द्वारा बोली जाने वाली तीसरी भाषा है। उन्होंने कहा हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा नहीं बल्कि राजभाषा भी है।

डॉ. गिल ने कहा की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी ने जिस तीव्र गति से विकास किया वह पूर्ण प्रशंसनीय और गौरवमयी है। हिंदी के शब्द सामर्थ्य पर किसी भी प्रकार का संदेह नहीं किया जा सकता। अंत में उन्होंने कहा कि 14 सितंबर को हिंदी दिवस इसलिए मनाया जाता है कि वर्ष में एक दिन इस बात को लोगों के समक्ष रखना है कि जब तक वह हिंदी का उपयोग पूर्ण रूप से नहीं करेंगे तब तक हिंदी भाषा का विकास नहीं हो सकता इस एक दिन सभी सरकारी कार्यालय में अंग्रेजी के स्थान पर हिंदी का उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. गिल ने छात्र छात्रों का आह्वान करते हुए कहा की यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इसकी उपयोगिता से लोगों को परिचित करवाएं तथा अपनी दैनिक जीवन में इसका उपयोग करें।

इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. अश्विनी शर्मा ने कहा की हिंदी भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक रूप मे अपनाने के उपलक्ष्य में हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्य संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक है।

### प्रतियोगिताओं के विजेता

प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली प्रतिभागी विजेता इस प्रकार है निबंध लेखन में प्रथम स्थान मुस्कान बीए तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान सिमरन चौधरी बीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान अंकिता देवी बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। नारा लेखन में प्रथम स्थान विशाखा बीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान तनीषा बीए द्वितीय वर्ष, तृतीय स्थान तृषा चौधरी बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकिता देवी बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पीयूषा ठाकुर बीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान रोबिन सिंह बीए तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।

काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीयूषा ठाकुर बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान रोबिन सिंह बीए तृतीय वर्ष एवं पायल बेगम बीए तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान तृषा चौधरी बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।

दिनांक : 17/08/2024

दैनिक सवेरा,
पहली नज़र


पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण को सुरक्षित करने में सहायक हैं : डा. आर. एस. गिल

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में इको क्लब द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डा० आर० एस० गिल ने इको क्लब के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे धरती का सौंदर्य हैं। सारी धरती पेड़-पौधों की हरियाली से हरी-भरी रंग-बिरंगी तथा सुंदर दिखाई देती है। प्राचार्य ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति में, वृक्षों में देवी-देवताओं की झलक दिखाई देती है। उन्हें गर्मी सर्दी में इस प्रकार बचाया जाता है, जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़ पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं, फल-फूलों की प्राप्ति भी हमें पेड़-पौधों से होती है।

अंत में इको क्लब के समस्त सदस्यों को संदेश देते हुए कहा कि हम सब मिलकर अपने-अपने घरों में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में हमारी भूमिका भी सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर प्राचार्य डा० आर० एस० गिल ने महाविद्यालय परिसर में औषधि पेड़ भी लगाए, जिसमें अश्वगंधा प्रमुख था।

Principal
A.B.V.G.D.C. Takipur

उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें शोबिन, पीयूशा, साहिल, अनुज, मुस्कान वरसोला, पलक, तनिशा, कशिश, रूही आदि स्वयं सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




**पीएचसी तकीपुर में स्वच्छता का पढ़ाया पाठ**

कांगड़ा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तकीपुर में सफाई अभियान चलाया। इसमें हॉस्पिटल के परिसर तथा आस-पास सफाई की गई। इस पर एनएसएस कार्यकम अधिकारी प्रो. प्रीति और प्रो. लेख राज ठाकुर ने साफ- सफाई रखने की नियमित आदत डालने की नसीहत दी। इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान डा. भगवान दास, डा. अश्वनी, प्रो. अमन वालिया, प्रो. सुनील जनक राज, मुनीष कुमार, योगेश्वर, ओंकार सिंह उपस्थित रहें।

दिव्य हिमाचल
1|10|2024

Principal
Atal Bihari Vajpayee
Govt. Degree College, Takipur
Disit. Kangra (H.P.)
D.D.O. Code - 280

दैनिक सवेरा 11/10/2024

# तकीपुर महाविद्यालय में बालिका दिवस मनाया



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य व अध्यापक गण के साथ छात्राए।

सवेरा न्यूज/ मनोज

कांगड़ा,12 अक्टुबर : अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय ताकीपुर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया कजिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया क इन प्रतियोगिता में लड़कियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ककार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. आर. एस. गिल ने शिरकत करते हुए अपने ओजस्वी पूर्ण भाषण में कहा कि 19 दिसंबर 2011 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पारित कर 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस घोषित किया ताकि लड़कियों के अधिकारों को विश्व भर में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति समाज को जागृत किया जा सके क उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का लक्ष्य बालिकों को सशक्त तथा उनकी आवाज को बुलंद करना है क सशक्तिकरण का माध्यम शिक्षा है कजब बालिका पढ़ी-लिखी होगी तो वह अपने अधिकारों के प्रति जागृत होगी तथा अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का भी समाधान करेगी क प्राचार्य ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य यही है कि हमारे समाज में लड़कियों के साथ होने वाले लैंगिक भेदभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना है। अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भगवान दास प्रो. विजय कुमार, डॉ. अश्विन शर्मा, प्रो. अमन वालिया प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुरेश

पहली नज़र :11/10/2024

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
आज की ताजा खबर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

# तकीपुर महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस



मनोज कुमार, कांगड़ा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय ताकीपुर में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लड़कियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के इस शुभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने शिरकत करते हुए अपने ओजस्वी पूर्ण भाषण में कहा कि 19 दिसंबर 2011 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पारित कर 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस घोषित किया ताकि लड़कियों के अधिकारों को विश्व भर में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति समाज को जागृत किया जा सके।

> बालिकाओं के साथ होने वाले लैंगिक भेदभाव के बारे में समाज को जागृत करना हमारा सर्वोपरि कर्तव्य है। — डॉ. आरएस गिल

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का लक्ष्य बालिकों को सशक्त तथा उनकी आवाज को बुलंद करना है। सशक्तिकरण का माध्यम शिक्षा है। जब बालिका पढ़ी-लिखी होगी तो वह अपने अधिकारों के प्रति जागृत होगी तथा अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का भी समाधान करेगी।

प्राचार्य ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य यही है कि हमारे समाज में लड़कियों के साथ होने वाले लैंगिक भेदभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना व लड़कियों के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाना हमारा सर्वोपरि कर्तव्य है। इस अवसर पर उन्होंने बालिकाओं को संदेश दिया कि जीवन में कोई भी चुनौती क्यों न हो उसे अपने विवेक के द्वारा पहचानना तथा उसका निवारण करना तथा समाज के साथ-साथ स्वयं की जिम्मेदारी भी है।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भगवान दास प्रो. विजय कुमार, डॉ. अश्विन शर्मा, प्रो. अमन वालिया प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुरेश कुमार भी उपस्थित रहे।

Principal
A.B.V.G.D.C. Takipur

# महाविद्यालय तकीपुर में एड्स दिवस पर विभिन्न जागरूकता सबंधी कार्यक्रमों का आयोजन




बनाए गए स्लोगनों के साथ विद्यार्थी व अध्यापक गण।

**सवेरा न्यूज/मनोज कांगड़ा :** अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय तकीपुर के रेड रिबन क्लन द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता सबन्धी कार्यकर्मो का आयोजन किया गया। रेड रिवन क्लव राजकीय महाविद्यालय तकीपुर द्वारा पोस्टर मेंकिग, रंगोली तथा गली क्रिकेट का आयोजन किया गया ताकि एड्स संबंधी जागरूकता का प्रचार व प्रसार किया जा सके । रंगोली प्रतियोगिता में कुल 07 टीमों ने भाग लिया द्व प्रथम स्थान ग्रुप बी ( अंनिश कनिका हीना, अंकिता, रोबिन ) द्वितीय स्थान ( सोनाक्षी, सिमरन चौधरी, स्माइल, ज्योति, पायल बेगम ) व तृतीय स्थान ( तृषा, अंकिता, अकांक्षा रितिक्षा शिंवागी ) टीमों ने किया। इसी तरह पोस्टर मेंकिग में प्रथम स्थान ज्योति, द्वितीय स्थान तृतीय स्थान अकांक्षा तथा तृतीय स्थान सुप्रिया ने हासिल किया। गली क्रिकेट में पियुषा ठाकुर की टीम ने साहिल की टीम को 21 रनों से हराया। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रो अमन वालिया ने बताया कि 04 दिसम्बर को जलाड़ी गांव की दुधिआल में एड्स जागरूकता मार्च का आयोजन किया जाएगा। निर्णायक मण्डल में प्रो. भगवान दास, डॉ. प्रिती बाला, डा. अश्विनी कुमार, प्रो. साहिल, प्रो. लेखराज ने विशेष भूमिका निभाई । वहीं प्रो. मेधा शर्मा ने विद्यार्थियों को टी.वी. मुक्त भारत अभियान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा जागरूकता व रोकथाम सम्बधी उपायों से अवगत करवाया । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. भगवान दास के ने स्वयंसेवियों व नोडल अधिकारी अमन वालिया व प्रो. मेधा शर्मा को प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया ।

Principal,
G.D.C., Takipur.

(2.11) Capacity Building of Students.

(ii) Graduate Attributes Development Programme

# Report

**One Educational Tour to Govt. College Dharamshala on 07.12.2024.**

ATAL BIHARI VAJPAYEE GOVT. DEGREE COLLEGE, TAKIPUR, DISTRICT KANGRA

A one day educational tour to Govt. College Dharamshala was organised for the science students of A.B.V.Govt degree college Takipur by the science society of the college to attend one day workshop organised by Raman Society of Govt. College Dharamshala on innovative Physics Experiments in this tour , 13 students of B.Sc. 1st,B.Sc 2nd and B.Sc. 3rd year(MEDICAL and Non-Medical streams ) along with one Faculty member Suresh kumar Assistant professor in Physics participated.

The students and faculty member departed from the college at 10.00am by Traveller and reached at Govt. college Dharamshala at 11.15am. after reaching there, Dr. Vikram vats, Head of Physics department and faculty members of physics department of GDC Dharamshala received the students and took the student to New Science block of college. After that member of Raman society of GDC Dharamshala made 4 groups of students and demonstrate the various physics experiments. Some of the physics experiments demonstrated were experiment. of effort and load with 1/8 th factors, Magnetic coupled oscillator, Eddy currents, Single slit Diffraction and Double slit Diffraction using LASER beam, Vortex formation in water, Space-time co-ordinate experiment, Travelling microscope, Lorentz transformation using magnet, Angular momentum conservation using cycle wheel, Formation of Progressive wave using scale, Fourth state Plasma, Prism experiment using spectrometer etc. The students showed keen interest in these innovative experiments and participated actively.

After 2pm all the students visited Botany, Zoology and Physics museums and their respective laboratories. At last, all the students visited library of GDC Dharamshala. At the end students were taken back to the college at 4.00pm from where they dispersed to their home.

SURESH KUMAR

TOUR INCHARGE

PRINCIPAL

ABV GOVT. DEGREE COLLEGE TAKIPUR

KANGRA